राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह (2026)

दिनांक: 11 मई 2026

स्थान: कक्ष संख्या - 10 , विज्ञान परिसर , श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा

आयोजक: श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा

मुख्य विषय: राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

कार्यक्रम का विवरण - श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा के तत्वावधान में दिनांक 11 मई 2026 को कॉलेज के कक्ष संख्या-10 में 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' (National Technology Day) का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और देश के तकनीकी विकास में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करना था।

अतिथि एवं मुख्य वक्ता

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और विशिष्ट वक्ताओं के रूप में क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया की, जिनमें शामिल रहे:

- **सारिका तिवारी** (विशिष्ट अतिथि)
- **कुंवर रामायण सिंह (** मेरा युवा भारत')
- **श्री अयोध्या प्रसाद मिश्रा** (सचिव, ग्रामीण अभ्युदय सेवा समिति)
- **मंच संचालन एवं सहयोगी शिक्षक**
- कार्यक्रम का कुशल और प्रभावी मंच संचालन (Anchoring) **डॉ. रेखा शर्मा** द्वारा किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।
- **सहयोगी शिक्षक** -इस आयोजन को सफल बनाने में कॉलेज के निम्नलिखित सहयोगी शिक्षक गणों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाई:
- प्रो. अरविंद कुमार शर्मा
- डॉ. स्मिता सिंह
- मि. आनंद चतुर्वेदी

- डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह
- मि. विंध्य साहू
- मानसी पांडेय
- **अतिथियों का उद्बोधन**
- **कुंवर रामायण सिंह (My Yuva Bharat):** उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का भारत तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और 'माय युवा भारत' के माध्यम से छात्र राष्ट्र निर्माण में अपना तकनीकी योगदान दे सकते हैं।
- **श्री अयोध्या प्रसाद मिश्रा (ग्रामीण अभ्युदय सेवा समिति):** उन्होंने ग्रामीण विकास में तकनीक की भूमिका पर जोर दिया और बताया कि कैसे सरल तकनीक के माध्यम से ग्रामीण जीवन स्तर को सुधारा जा रहा है।

प्रतिभागी छात्र- छात्राए-

कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी चर्चा और प्रस्तुति में आस-पास के निम्नलिखित सक्रिय छात्रों की उपस्थिति और प्रदर्शन सराहनीय रहा:

- आदित्य मिश्रा, निशा जायसवाल, मनोज कुमार और सारिका तिवारी।

- **धन्यवाद ज्ञापन –**कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।प्रो अरविंद कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ इस सफल कार्यक्रम का समापन हुआ।
-

कार्यक्रम की एक झलक

प्रतियोगिता में अनूपा व सौम्या प्रथम

एलबीएस महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नवाचार आधारित मॉडल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर सोमवार को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने जैव प्रौद्योगिकी आधारित मॉडल प्रस्तुत कर तकनीकी नवाचार की झलक दिखाई।

मॉडल प्रतियोगिता में अनूपा यादव और सौम्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एहसास पांडेय और महिमा सिंह को द्वितीय स्थान मिला। आंचल तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आदित्य मिश्र, निशा जायसवाल और मनोज कुमार को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन आईक्यूएसी, उन्नत भारत अभियान और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। मुख्य अतिथि जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि 21वीं सदी में प्रौद्योगिकी नवाचार ने दुनिया की तस्वीर बदल दी है। विकसित राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने में तकनीक मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्य वक्ता एवं जिला विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक रेखा शर्मा ने जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी नवाचार मानवता की सेवा के लिए सबसे बड़ा योगदान साबित हो रहे हैं। विशिष्ट अतिथि अयोध्या प्रसाद मिश्रा एवं सारिका तिवारी ने भी विचार व्यक्त किया।

एलबीएस महाविद्यालय में छात्राओं को चेक देते आयोजक मंडल के लोग। -स्रोतः महाविद्यालय

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख

प्राचार्य

डॉ० रेखा शर्मा

संयोजक